>

Title: Need to save the interest of the workers of National Rayon Corporation Ltd., Kalyan (Mumbai).

श्री सुरेश काशीनाथ तवारे (भिवन्डी): नेशनल रीयान क. लि. कल्याण, मुम्बई, सूत एवं केमिकल उत्पादन करने वाली कंपनी बंद हो चुकी है। लेकिन कर्मचारियों का बकाया वेतन, ग्रेच्युटी का भुगतान नहीं किया गया है। फैक्ट्री निर्माण के वक्त किसानों ने अपनी जमीन इसलिए दी थी कि लोगों को रोजगार मिलेगा, इसलिए सस्ते रेट में फैक्ट्री को भूमि प्रदान की गई थी। लेकिन अब यह फैक्ट्री बंद हो गई है और फैक्ट्री की जमीन करोड़ों के भाव से बेची जा रही है। कर्मचारियों का वेतन भुगतान ग्रेच्युटी भी नहीं दी गई है जिसके कारण किसानों, कर्मचारियों और आम जनों में तीव्र आक्रोश है।

अतः मेरी सरकार से मांग है कि नेशनल रीयान क. लि. के कर्मचारियों का वेतन भुगतान करवाया जाए और तब तक जमीन बिक्री पर रोक लगाई जाए।